मई, 2005

MAY, 2005

# LL-02

## लाइसेन्शिएट परीक्षा

## जीवन बीमा के व्यवहार

## LICENTIATE EXAMINATION

## PRACTICE OF LIFE ASSURANCE

समय : 3 घंटे ] [कुल अंक : 100

Time: 3 Hours] [Total Marks : 100

**किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रथम प्रश्न के 16 अंक हैं किन्तु यह अनिवार्य नहीं है। अन्य सभी प्रत्येक प्रश्न 12 अंक के है।**

Answer **EIGHT** questions only. Question **ONE** carries 16 marks but this is not compulsory. All other questions carry 12 marks each.

Marks

1. अ) समझाइए - 'बीमा विक्रय के लिए अभिकर्ता आवश्यक हैं'। 6
   ब) किसी अभिकर्ता को अनुमोदित करने के लिए कम से कम किन शर्तों को पूरा करना होता है? 6
   स) एक अभिकर्ता के कार्य कलापों को बताइए। 4

1. a) "Agents are necessary for selling insurance" Explain. 6
   b) What are the minimum conditions to be satisfied for an Agent to be licensed ? 6
   c) What are the Functions of an Agent ? 4

2. अंतर बताइए - (प्रत्येक के 4 अंक)
   अ) समूह बीमा और व्यक्तिगत बीमा
   ब) अभ्यर्पण और नामांकन
   स) समर्पणमूल्य और प्रदत्त मूल्य

2. Distinguish between :- 4 each
   a) Group Insurance and Individual Insurance.
   b) Assignment and Nomination
   c) Surrender Value and Paid up Value.

3. अ) विभिन्न प्रकार की वार्षिकियों के विषय में लिखिए। 8
   ब) वार्षिकी पॉलिसियाँ क्यों अधिक लोकप्रिय हो रही हैं ? 4

3. a) Explain different Types of Annuity. 8
   b) Why Annuity Policies are becomming more popular ? 4

4. कारण सहित बताइए कि क्या नीचे लिखे कथन सत्य हैं या असत्य । (प्रत्येक के 2 अंक)

अ) एक अभिकर्ता उपदान के लिए तभी पात्र होगा जब उसने निरंतर 5 वर्षों या अधिक समय तक काम किया है ।

ब) अनुवृध्दि (राइडर) एक क्लॉज़ या शर्त है जिसे मूल पॉलिसी पें जोड़ा जाता है और जिसके अनुसार प्रस्तावक की इच्छानुसार अतिरिक्त हितलाभ का प्रावधान किया जाता है ।

स) साधारण पुनर्चालन योजना के अंतर्गत एक साधारण प्रारूप में उत्तम स्वास्थ्य की संतोषजनक घोषणा की जाती है ।

द) भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा जारी की गयी सभी पॉलिसियों में मूल्यांकन की तिथि पर चालू हालत में रहने पर बोनस निहित हो जाता है।

इ) विवाहित स्त्री संपदा अधिनियम के अंतर्गत ली गयी पॉलिसियों में न्यासी दावा राशि प्राप्त कर सकते हैं और न्यास के उद्देश्यों की पूर्ति कर सकते हैं ।

फ) यदि कोई पॉलिसीधारक देय दिनांक के बाद परन्तु पर दावा निपटारा के पूर्व,स्वर्गवासी होता है, तो इस स्थिति में दावा राशि पॉलिसी धारक के कानूनी उत्तराधिकारियों को देय होगी ।

2 each

4. State giving reasons whether the following statements are **true** or **false** :-

a) An Agent will be eligible for Gratuity if he has worked continuously for 5 years or more.

b) A Rider is a clause or condition that is added on the basic policy providing an additional benefit at the choice of the proposer.

c) Under Ordinary Revival Scheme a Satisfactory Declaration of Good Health in a simple form is required.

d) Bonus vests on all policies, issued by L.I.C. which are in force on the date of Valuation.

e) Under M.W.P. Act policies, the Trustee can receive the claim amount and carry out the object of the Trust.

f) If the policy holder dies after the due date, but before the settlement of claim, the claim amount is then payable to the legal heirs of the Policyholder.

5. 'आधिक्य' क्या है ? 'साधारण परिवर्तनीय (रिवर्सनीय) बोनस पध्दति' और 'अंतिम (अतिरिक्त) बोनस' की अवधारणा को समझाइये । 12

5. What is "Surplus" Explain the concept "Simple Reversionary Bonus System" and "Final (Additional) Bonus". 12

6. रिक्त स्थानों की पूर्ति करिए :- (प्रत्येक के 2 अंक)

अ) बीमा योजनाएं जो केवल मृत्यु पर सुरक्षा प्रदान करती हैं, वे ........., .......... योजनाएं कहलाती हैं ।

ब) समूह अधिवर्षिता जीवन बीमा योजना जो भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा प्रदान की जाती है, के द्वारा दो हितलाभ .......... और .......... दिये जाते हैं ।

स) पॉलिसी प्रलेख .........., .......... का साक्ष्य है ।

द) .........., .......... एक नियमित भुगतान है जो कार्यरत सेवा से निवृत्त होने के बाद मिलता है ।

इ) .......... प्रतिक्रियात्मक स्पर्श स्क्रीन कहा जाता है, .......... मानवरहित सूचना केन्द्र हैं जो महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थलों पर लगाये जाते हैं ।

फ) बीमा नियमन एवं विकास प्राधिकरण द्वारा बीमाधारकों के हितों के संरक्षण के लिए .........., .......... में नियम जारी किये गये हैं।

6. Fill in the Blanks . 2 each

a) Plans of Insurance that provide only death cover are called ________, ________ Plans.

b) GSLI Scheme offered by the LIC provides for two benefits viz. ________ and ________.

c) The Policy Document is the evidence of the ________, ________.

d) ________, ________ is a regular payment received after one has retired from active service.

e) ________ called interactive touchscreen ________ are unmanned information centres, placed strategically at Public Places.

f) The IRDA has issued regulations for the protection of the interests of the policyholders in ________, ________.

7. निम्नलिखित के जोड़े बनाइये - (प्रत्येक के 2 अंक)

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ) | प्रीमियम पर छूट | अ) | बीमा अधिनियम 1938 की धारा 45 |
| ब) | नामांकन | ब) | बीमा अधिनियम 1938 की धारा 113 |
| स) | बीमांककीय जांच पड़ताल | स) | बीमा अधिनियम 1938 की धारा 39 |
| द) | गारंटी युक्त समर्पण मूल्य | द) | बीमा अधिनियम 1938 की धारा 38 |
| इ) | अभ्यर्पण | इ) | बीमा अधिनियम 1938 की धारा 26 |
| फ) | अविवादास्पद क्लॉज़ | फ) | बीमा अधिनियम 1938 की धारा 41 |

7. Match the Following :- 2 each

| | | | |
|---|---|---|---|
| a) | Rebate of Premium | a) | Sec. 45 of the Insurance Act 1938. |
| b) | Nomination | b) | Sec. 113 of the Insurance Act 1938. |
| c) | Acturial Investigation | c) | Sec. 39 of the Insurance Act 1938. |
| d) | Guaranteed Surrender Value | d) | Sec. 38 of the Insurance Act 1938. |
| e) | Assignment | e) | Sec. 26 of the Insurance Act 1938. |
| f) | Indisputability Clause | f) | Sec. 41 of the Insurance Act 1938. |

8. संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए - (प्रत्येक के 3 अंक)

अ) प्रतिलिपि (दोहरी) पॉलिसी

ब) अनुग्रह दिवस

स) पूर्वघटित दावा

द) दावा छूट

8. Write Short Notes on : 3 each

a) Duplicate Policy

b) Days of Grace

c) Early Claims

d) Claim concession.

9. अ) पॉलिसी को विशेष पुनर्चलन योजना के अंतर्गत पुनर्चलित करने के लिए किन शर्तों को पूरा करना पड़ता है ? 7

ब) भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा दी गयी बिना डाक्टरी जाँच (सामान्य) और बिना डाक्टरी जाँच (विशेष) योजनाओं का अंतर बताइए। 5

9. a) What are the conditions to be satisfied for revival of a policy under Special Revival Scheme ? 7

b) Distinguish between Non-Medical (General) and Non-Medical (Special) Scheme offered by LIC of India. 5

10. अ) मृत्यु दावे के निपटारे के लिए किन जरूरतों को पूरा करना पड़ता है ? 4

ब) एक बंदोबस्ती पॉलिसी के अंतर्गत मृत्यु दावा राशि की गणना करिए जिसका विवरण निम्न प्रकार है - 8

| | |
|---|---|
| बीमा राशि | रू. 1,00,000 |
| योजना एवं अवधि | 14-25 (लाभ सहित) |
| प्रारम्भ होने की तारीख | 01-03-1995 |
| प्रीमियम भुगतान विधि | वार्षिक |
| अंतिम अदा किया वार्षिक प्रीमियम | 01-03-2003 |
| मृत्यु की तारीख | 25-02-2004 |

10. a) What are the requirements for settling Death Claim ? 4

b) Calculate Death Claim proceeds under Endowment Policy with the following details : 8

| | | |
|---|---|---|
| Sum Assured | : | Rs. 1,00,000 |
| Plan and Term | : | 14-25 (with profit) |
| Date of Commencement | : | 01-03-1995 |
| Mode of Premium Payment | : | Yearly |
| Last yearly premium paid | : | 01-03-2003 |
| Date of Death | : | 25-02-2004. |

## बोनस गणना हेतु प्रासंगिक आंकड़े

## Bonus Chart

| मूल्यांकन तारीख<br>Valuation Date | बंदोबस्ती पॉलिसियों पर प्रति हजार बीमा राशि पर प्रतिवर्ष बोनस की दरें<br>Rate of Bonus p.a. per Thousand Sum Assured on Endowment Policies.<br>रू.<br>Rs. |
|---|---|
| 31-3-1995 | 69.00 |
| 31-3-1996 | 69.00 |
| 31-3-1997 | 71.00 |
| 31-3-1998 | 74.00 |
| 31-3-1999 | 76.00 |
| 31-3-2000 | 78.00 |
| 31-3-2001 | 78.00 |
| 31-3-2002 | 72.00 |
| 31-3-2003 | 64.00 |
| 31-3-2004 | 57.00 |

----- समाप्त -----

------ THE END ------